
HACKER
CYBER
ATTACK
CRIME
इलेक्ट्रोनिक जालसाज़ी

श्रीपुरिया, तिनसुकिया आदर्श गाँव मे राजु नाम का एक छात्र रहता था। राजु के उच्च माध्यमिक (हाई स्कूल) मे अच्छे अंक आने के कारण उसके पिताजी ने उसे एक मोबाइल दिलाया। वह अपना पुरा समय मोबाइल में बिताने लगा था। एक दिन व्हाटसएप (whatsapp) मे निजी संख्या (प्राइवेट नंबर) से एक एस. एम. एस (SMS) आया। इसमे लिखा हुआ था कि आप करोड़पति बनना चाहते हो तो लिंक मे क्लिक करो और दो करोड़ जीतो। उसने लालच मे आकर लिंक पर क्लिक कर दिया। लिंक को क्लिक करने के बाद उसने अपना व्यक्तिगत



डेटा और बैंक डेटा भर दिया। भरने के थोड़े देर बाद उसे एक ओ. टी. पी (O.T.P) आया। उसके बाद एक नया नम्बर से कॉल आया और बोला आपके मोबाइल मे जो ओ. टी. पी (O.T.P) आया है, उसे हमे बताइये और दो करोड़ जीतिए। राजु ने बिना सोचे ओ. टी. पी (O.T.P) दे दिया। उसके बाद



एक एस.एम.एस (S.M.S) आया कि उसका पिताजी का बैंक अंकाउंट खाली हो गया क्योंकि उसने अपने पिताजी का अकाउंट डिटेल दिया था। अब वह सोचने लगा कि उसके साथ ये क्या हो गया और परेशान होने लगा। माँ-बाप को बताये बिना अपने दोस्त को कॉल किया और अपना परिस्थिति समझाया। दोस्त ने उसे तुरंत समझाया कि किसी भी लिंक मे बिना सोचे-समझे अपना डेटा शेयर मत करना और उपाय के लिए उसने पुलिस स्टेशन जाने के लिए कहा। पुलिस स्टेशन मे जाकर राजु ने देखा कि वह अकेला नही है जो साइबर अटैक की जाल मे फँसा है बल्कि उसकी तरह बहुत सारे लोग फसे हुए है। अब पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि किसी भी लिंक मे बिना सोचे-समझे क्लिक न करे और अपना डिटेलस न दे। इंटरनेट की दुनिया मे बहुत सारा ऐसा लोग भी है, जिसका उद्देश्य ही लोगो को लुटना है। हर दिन न जाने कितने लोग इसका शिकार हो जाते है। इसका कोई निर्दिष्ट डेटा नही है। लोग, डर और शर्म के कारण अपने साथ घटित घटना को किसी से बया नही करते है। इसलिए हमे लोगो को जागरुक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम (Awareness Program) करना चाहिए जिससे जनता सतर्क और सावधान रहे।

बातों को समझकर राजु ने यह सोचा कि हमे किसी भी लिंक मे अपना डिटेल नही देना चाहिए। उनकी तरह और लोग साइबर अटैक का शिकार न हो इसलिए राजु ने अपने साथ घटित घटना को लोगो को बताया और जागरुकता कार्यक्रम शुरु किया जिससे लोग इंटरनेट की दुनिया की जाल से बच सके।

कहानी की नैतिकता: इंटरनेट का उपयोग सही तरीके से करें।

प्रस्तुत कर्ता:

अम्मोक्या वेंगकेन
प्रबोध गोगोई
आकाश सोनोवाल
प्रांजीत कुर्मी
रश्मि बैद्य
देवोजीत सैकिया
लीलावती गोगोई
रिंकी कुमारी